फाल्गुन मास, कृष्ण पक्ष 12 वर्ष 9 अंक 273 पृष्ठ 12, मूल्यः 3.00
लखनऊ, सोमवार, 4 मार्च, 2019
परख सच की
जनसंदेश टाइम्स
लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर, वाराणसी एवं इलाहाबाद से प्रकाशित

मायावती की कार्यकर्ताओं से अपील -12

डीआरएस से परेशानी नहीं : मिताली -11

चौक फूल मंडी में महाशिव रात्री पर्व पर विभिन्न किस्म के फूलो की खरीददारी करने के लिए लगी भीड

लोहिया पार्क चौक से राष्ट्रीय स्वंय सेवन संघ के पथ संचलन मे शामिल युवक

आलोक रंजन ने आर्थिक विकास को बढ़ाने के लिए दिए अहम सुझाव

लखनऊ। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साईंसेज, लखनऊ के परिसर में शनिवार को विकासशील अर्थव्यवस्था से विकसित अर्थव्यवस्था में परिवर्तन विषयक दो दिवसीय नवें राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारम्भ किया गया। सम्मेलन में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों से आये हुए प्रतिभागियों द्वारा अपने विचार व्यक्त किये गये। संस्थान के निदेशक प्रो मनोज मेहरोत्रा ने संस्थान द्वारा शैक्षिक योगदान एवं सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गयी। राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्‌घाटन मुख्यअतिथि गजेन्द्र चन्देल, प्रेसीडेन्ट-एचआर, टाटा मोटर्स लि के द्वारा किया गया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि छात्रों को हमेशा तकनीकी उपयोगिता कि सम्भावनाओं तथा उसका आम लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़े, इस पर विचार करना चाहिए एवं देश को समृद्ध बनाने में अपना योगदान प्रदान करना चाहिये। दूसरे दिन के मुख्यअतिथि आलोक रंजन, आईएएस (सेवानिवृत्त) ने सकल घरेलू उत्पाद के विषय पर बोलते हुए आर्थिक विकास को बढ़ाने के कई सुझाव दिये। सम्मेलन में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से आये हुए शोधार्थियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों में अपने शोध-पत्र प्रस्तुत किये। सम्मेलन की अध्यक्षता संस्थान के सचिव एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री शरद सिंह द्वारा की गयी। उनके द्वारा सभी सम्मानित अतिथियों का इस राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन में प्रतिभाग करने पर आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में संस्थान की विभिन्न स्तरों पर सहयोग देने का अनुरोध किया गया।